INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class :- 6 3rd Lang. | Department: Hindi | Date - |
| --- | --- | --- |
| Study Material | Topic: चित्र वर्णन, अनुच्छेद | Note: Pl. file in portfolio |

## चित्र वर्णन

दिए गए चित्र का वर्णन 40 से 50 शब्दों में कीजिए|



यह कमरे का चित्र है| कमरे में बहुत सारे गुब्बारे हैं| कमरे के बीच में एक मेज़ रखी हुई है| मेज़ पर बहुत सारा खाने-पीने का सामान रखा हुआ है| मेज़ पर एक बड़ा केक भी रखा है| चित्र में चार बच्चे हैं| दो बच्चों ने टोपी पहनी हुई हैं| एक लड़की के हाथ में उपहार हैं| मोहन बहुत खुश है क्योंकि सब मिलकर उसका जन्मदिन मना रहे हैं|

*****************************

## अनुच्छेद - मेरा घर

मेरा घर वादी कबीर में है| मेरे घर बहुत सुंदर और बड़ा है| घर का रंग नीला और सफ़ेद है| घर के पीछे एक छोटा बगीचा भी है जहाँ हमने पेड़-पौधे लगा रखे हैं| मेरे घर में चार कमरे, दो बाथरूम और एक रसोईघर हैं| घर के कमरे बहुत बड़े और हवादार हैं| इसमें सूरज की रोशनी भी खूब आती है। मेरा घर बहुत साफ़-सुथरा है| मैं अपने घर में माता-पिता, बहन और दादा-दादी के साथ रहता हूँ| मेरे लिए मेरा घर एक प्यारी-सी दुनिया है| मुझे अपने घर से बहुत लगाव है क्योंकि इसमें मेरे बचपन की यादें हैं|

*****************************